# सुविधा : शहर को गंदे पानी से मिलेगी मुक्ति, 101 करोड़ से बनेगा सीवरेज नेटवर्क

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 25 नवंबर. शहर को गंदे पानी और खुले नालों की समस्या से स्थायी राहत दिलाने नगरपालिका ने तैयारी शुरू कर दी है।**

**अमृत 2 योजना के तहत नपा ने शुरू की तैयारी**

**163 किमी बिछेगी शहर में पाइप लाइन**

नगरीय प्रशासन से डीपीआर को सशर्त मंजूरी मिलने के बाद नगरपालिका ने ऑनलाइन टेंडर जारी कर दिए हैं। टेंडर खुलने प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू होने की उम्मीद है। अमृत-2 योजना के तहत बैतूल में 101 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज लाइन का काम होना है। जिसके लिए शासन से मंजूरी मिल गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत शहर के सभी वार्डों में सीवरेज अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई जायेगी और अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जायेगा। जिससे घरों से निकालने वाले निस्तार के गंदे पानी को रिसाइकिल कर दोबारा से उपयोग में लाया जायेगा। दरअसल शहर के 33 वार्डो में गंदे और निस्तारी के पानी की निकासी के लिए नालियों के निर्माण में काफी पैसा खर्च होता है। कई वार्ड ऐसे भी हैं, जहां नालियां ना होने या टूट फुट हो जाने से रहवासियों को मुसीबतें झेलना पड़ता है। ज्यादा परेशानी, नालियों के खुले रहने से उठानी पड़ती है। नालियां खुली होने से नालियों में कचरा तो एकत्रित होता ही है, साथ ही नालियों के जाम होने और गंदगी के कारण मच्छरों की समस्या भी उत्पन्न होती है। ऐसे में सीवरेज लाइन निर्माण के प्रोजेक्ट से नागरिकों को खुली नालियों से मुक्ति और शहर की जनता को गंदगी आदि से निजात मिल सकेगी। साथ ही स्वच्छ वातावरण भी मिल पायेगा।



फाइल फोटो

**शहर के तीन स्थानों पर बनेंगे पंपिंग स्टेशन :** अमृत 2 योजना के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन के लिए शहर में तीन अलग-अलग स्थानों पर पंपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। नपा के मुताबिक इन पंपिंग स्टेशनों में ग्रेविटी के जरिए गंदे पानी को पहुंचाया जाएगा। पंपिंग स्टेशनों में 200 हॉर्स पॉवर से ज्यादा की मोटरें लगी होंगे।

इन मोटरों की मदद से गंदे पानी को पंप कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक भेजा जाएगा। जब यह पानी प्लांट में पहुंचेगा तो प्लांट की मदद से इस गंदे पानी को ट्रीट कर दोबारा से इस्तेमाल करने लायक बनाया जाएगा। ज्यादा पानी एकत्रित होने पर शुद्ध किए पानी को पौधा की सिंचाई की जायेगी या फिर नदी में छोड़ दिया जाएगा। इससे जहां लोगों को गंदे पानी से होने वाली समस्याओं से मुक्ति मिल जाएगी। वहीं शहर की प्रदूषण से मुक्त होगा। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालन के लिए शहर में तीन अलग-अलग स्थानों पर पंपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। पंपिंग स्टेशन के लिए अभिनंदन सरोवर के पीछे, कोठी बाजार मोक्षधाम के सामने और सदर बाजार में चिन्हित किए गए हैं। नपा के मुताबिक इन पंपिंग स्टेशनों में ग्रेविटी के जरिए गंदे पानी को पहुंचाया जाएगा।

> अमृत-2 योजना के तहत शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने डीपीआर को शासन से मंजूरी मिलने के बाद नगरपालिका ने ऑनलाइन टेंडर कॉल कर दिए है। एक महीने बाद टेंडर खोले जाएंगे। जिसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।
> **- सतीश मटसेनिया, सीएमओ नगपालिका बैतूल**

### बनेगा 16 एमएलडी क्षमता वाला ट्रीटमेंट प्लांट

घरों के सेप्टिक टैंक और बाथरूम से निकलने वाले गंदे पानी को रिसाइकिल कर शुद्ध किए जाने के लिए 16 एमएलडी क्षमता का ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। यह ट्रीटमेंट प्लांट प्रतिदिन 1 करोड़ 70 लाख लीटर प्रदूषित पानी को रिसाइकिल कर शुद्ध करेगा, ताकि इसका उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जा सके। ट्रीटमेंट प्लांट को इसलिए बड़ा बनाया जा रहा है ताकि भविष्य में यदि घरों की संख्या बढ़ती हैं या शहर का विस्तार होता है तो प्लांट का संचालन ठीक तरह से हो सके। इसके साथ ही परियोजना के पूर्ण होने पर माचना नदी में नालों का गंदा पानी गिरना बंद हो जाएगा।

### शहर में 163 किमी बिछेगी पाइप लाइन

शहर के 33 वार्डों में करीब 163 किमी लंबी सीवरेज की पाइप लाइनों का जाल बिछाया जाएगा। शहर में 17 हजार 55 घरों के सेप्टिक टैंक और बाथरूम के गंदे पानी की निकासी के लिए कनेक्टिंग पाइप लाइन बिछाई जाएगी, जिसे सीवरेज की मेन लाइन से जोड़ा जाएगा। घरों से निकलने वाला यह गंदा पानी एक जगह एकत्रित कर उसे रिसाइकिल किया जाएगा। इससे जहां लोगों को गंदे पानी से होने वाली समस्याओं से मुक्ति मिल जाएगी। वहीं शहर में प्रदूषण से मुक्त होगा। रिसाइकिल के बाद पानी का उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जा सकेगा। नपा सूत्रों के मुताबिक जो पानी रिसाइकिल होगा उसका उपयोग पेड़-पौधों, बगीचों को पानी देने के लिए किया जा सकता है।

## एक नजर में

### क्षेत्र में बिक रही अवैध कच्ची शराब

**पाथाखेड़ा।** पाथाखेड़ा व शोभापुर कॉलोनी क्षेत्र के कई वार्डों में अवैध कच्ची तथा महुआ शराब की बिक्री खुलेआम चल रही है। सूत्रों के अनुसार वार्ड क्रमांक 23, 24, 25 और शिवजी नगर में यह कारोबार देर रात एवं सुबह तक निर्बाध रूप से चलता है, जिससे मजदूर वर्ग, युवाओं और परिवारों पर नकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। क्षेत्रवासियों के अनुसार नशे की लत में युवाओं के कारण वार्डो में सामाजिक वातावरण बिगड़ रहा है। नशे की हालत में लोगों द्वारा गलियों में उपद्रव, शोर-शराबा और विवाद की घटनाएँ आम होती जा रही हैं। महिलाओं और छात्राओं का कहना है कि शराबियों के कारण रास्तों से गुजरते समय भय एवं असुरक्षा की भावना बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि पाथाखेड़ा पुलिस चौकी पास में होने के बावजूद अवैध शराब कारोबार में कोई ठोस रोकथाम नज़र नहीं आती। नागरिकों का आरोप है कि वर्षों से यह व्यापार चलता आ रहा है, बावजूद इसके कोई कार्रवाही नहीं हो रही है।

### अधिवक्ता संघ ने मनाया संविधान दिवस

**मुलताई।** नगर के व्यवहार न्यायालय परिसर में बुधवार को संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष चन्द्रशेखर चंदेल ने बताया 26 नवंबर को हमारे देश में संविधान निर्माण समिति द्वारा एक उत्तम संविधान का निर्माण कर हमारे देश को सौंपा गया था, जिसके बाद से पूरा देश 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाता है। जिसके चलते बुधवार को अधिवक्ता संघ के सभाकक्ष में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश संजय पाटिल, न्यायाधीश संजय भलावी, व्यवहार न्यायाधीश अभिजीत वास्कले, न्यायाधीश संगीता डाबर, न्यायाधीश श्वेता गौतम एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर चंदेल सहित पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ हमारे देश के संविधान पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रजवलित कर किया गया। जिसके बाद न्यायाधीश संजय भलावी एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर चंदेल ने सभा को संबाधित किया गया एवं संविधान की प्रस्तावना पढ़कर संविधान के अनुसार अपना आचरण करने के लिए अनुरोध किया।

## नगर परिषद बैतूल बाजार के दो कर्मचारियों के शव कुएं से मिले

**बैतूल।** बैतूल बाजार नगर परिषद में कार्यरत दो कर्मचारियों का शव बुधवार सुबह बयावाड़ी के पास एक ही कुएं से बरामद हुआ। दोनों मंगलवार रात से गायब थे। पुलिस ने दोनों शवों को निकालकर जिला अस्पताल भेज दिया है और सुसाइड नोट मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान रजनी डुंडेले (48) और मिथुन (29) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, दोनों मंगलवार रात करीब 9 बजे से लापता थे। महिला का मोबाइल घर में ही मिला, जबकि मिथुन की लोकेशन उसके खेत के आसपास मिली। बुधवार सुबह उनकी बाइक और चप्पल



कुएं के पास मिलीं। इसके बाद पुलिस ने खोज कर पहले रजनी और फिर मिथुन के शव को निकाला। पुलिस को परिजनों ने एक डायरी में सुसाइट नोट लिखा दिया है। जो महिला के घर पर मिला। घर का दरवाजा तोड़ने पर डायरी में महिला ने सुसाइट नोट लिखा था। सूत्रों के अनुसार, महिला ने उसमें लिखा है कि ऑफिस के लोग मुझे गलत नजर से देखते हैं, मेरे चरित्र पर सवाल उठाते हैं। मैं तानों और प्रताड़ना से परेशान हूं। महिला के दामाद बृजेश ने बताया कि वह कुछ दिनों से बहुत परेशान चल रही थी। कल मेरी पत्नी से भी बात हुई थी। उसने कहा था कि ऑफिस का टेंशन झेल नहीं पा रही हूं, कुछ कर लूंगी। रात 7 बजे से उसे कॉल किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। जब घर पहुंचे तो ताला लगा था। सीसीटीवी में देखा तो वह भरकावाड़ी की तरफ जाती दिखी। रात ढाई बजे कुएं से लाश मिली। उन्होंने बताया कि रजनी अपने साथी कर्मचारी मिथुन को बेटे जैसा मानती थी, लेकिन ऑफिस में लोग दोनों के रिश्ते को लेकर गलत बातें करते थे। इसी कारण वह मानसिक रूप से टूट गई थी। मिथुन के भाई विनय ने कहा कि रात को वो घर से गया था, फिर लौटा नहीं। रात ढाई बजे पता चला कि महिला की लाश मिली है। वहीं भाई की चप्पल और बाइक भी पड़ी थी। हमें और कुछ नहीं पता। एसडीओपी सुनील लाटा ने बताया कि दोनों शव एक ही कुएं से बरामद हुए हैं। महिला के पास से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने कार्यालय के कुछ कर्मचारियों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से व्यापारी घायल

**मुलताई।** नगर में थाना रोड पर मंगलवार रात एक तेज रफ्तार बाइक ने मार्ग से जा रहे एक गजक व्यापारी को टक्कर मार दी। जिससे व्यापारी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक सवार भी गिरकर घायल हो गया। घायल व्यापारी को नगर के सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया गया, हालत गंभीर होने से जिला चिकित्सलय बैतूल रेफर किया है। बताया जाता है नगर के जय स्तम्भ चौक गजक की दुकान लगाने वाले उत्तम पिता हेमराज शर्मा 26 वर्ष निवासी कैलारस जिला मुरैना मंगलवार रात करीब 10:30 बजे अपनी दुकान बंद कर



सड़क पर निकला था तभी हिडली निवासी विकास पिता रामकिशन इरपाचे बाइक से अपने अन्य दो दोस्तों के साथ तेज रफ्तार से आया और उत्तम को टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। उसके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने उसे नगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने बैतूल रेफर किया है। वहीं बाइक सवार गिरने के बाद भी भागने लगे। जिसमे से दो युवकों को लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर किया है।

## मेले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगाया जाए प्रतिबंध

**मुलताई।** पवित्र नगरी में लगे ताप्ती मेले में एक झूले वाले द्वारा दिन भर तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाकर ध्वनि प्रदूषण किया जा रहा है। बुधवार को मेला व्यापारियों ने सीएमओ को सम्बोधित ज्ञापन उपयंत्री महेश त्रिवेदी को सौपा है। ज्ञापन में बताया मेले में झुले वाले द्वारा बहुत तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग किया जा रहा है जिससे आम दुकानदारों को ग्राहकों से बात करने में परेशानी हो रही है। जिसकी शिकायत मंगलवार को डायल 112 पर की थी, जिस पर डायल 112 पर नियुक्त पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर झुले वालो को कम आवाज पर ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने की समझाईश दी गई थी। लेकिन डायल 112 जाने के बाद उसके द्वारा तेज आवाज पर ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाना प्रारंभ कर दिया गया। झूला संचालक बिटटू अग्रवाल एवं विशाल कडुकर द्वारा अजमेरी झुले लाये गये है और अधिक तेज आवाज पर ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाना प्रारंभ कर दिया है जिससे अन्य व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने झुला संचालको पर कार्यवाही कर ध्वनि विस्तारक यंत्र जप्त करने कि मांग की है।

## किसानों ने 28 नवंबर को हाईवे जाम की दी चेतावनी

**बैतूल। किसान बिजली की समस्या से परेशान है। किसानो ने समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।**

ग्राम ढप्पा, टेमरा, रामपुर सेहरा, हाथीकुण्ड, बोन्दरी, सीतलझीरी, खोखरा, काजरीढ़ाना, नवलसिंहढाना व आसपास के क्षेत्रों के किसानों ने अधीक्षण अभियंता, म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी बैतूल को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि 28 नवंबर 2025 तक बिजली व्यवस्था से जुड़ी सभी समस्याओं का लिखित समाधान नहीं किया गया तो किसान बैतूल-भोपाल नेशनल हाईवे पर शांतिपूर्ण विरोध सभा व जाम करेंगे। किसानों का आरोप है कि 10 नवंबर को रामपुर सबस्टेशन पर किए गए शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन के दौरान बिजली कंपनी के अधिकारियों व

**बिजली समस्या पर आश्वासन निकला खोखला**

**किसानों ने ज्ञापन सौंपकर दी चेतावनी**

अधीक्षण अभियंता के प्रतिनिधियों ने 12 दिनों में लाइनमैन बदलने, जर्जर तार सुधारने, जले ट्रांसफार्मर बदलने, अवैध वसूली रोकने और सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों ने कहा कि अब उनकी मांग है कि 28 नवंबर 2025 के पहले सभी कार्यों की लिखित कार्रवाई हो, वर्तमान लाइनमैन को हटाकर नया लाइनमैन अटैच किया जाए, जर्जर तार व ट्रांसफार्मर बदले जाएं और सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ किसानों को दिया जाए। समाधान नहीं हुआ तो शांतिपूर्ण व संवैधानिक आंदोलन के तहत हाईवे जाम किया जाएगा। ज्ञापन की प्रतियां अनुविभागीय अधिकारी शाहपुर, जिला कलेक्टर बैतूल, कार्यपालन अभियंता बैतूल, सहायक अभियंता शाहपुर, थाना प्रभारी शाहपुर को भी सौंपी गई हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने मनाया संविधान दिवस

**सारनी।** अंतरराष्ट्रीय मानव सुरक्षा संगठन ने बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस एवं शहीद दिवस मनाया कार्यक्रम के प्रभारी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णा साहू ने बताया कि बाबा साहब अंबेडकर के विचार से शिक्षा, समानता और आर्थिक विकास की कुंजी माना, शिक्षित बनो, संगठित रहो संघर्ष करो का नारा दिया। जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी ने कहा कि स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने वाले धर्म को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा को सामाजिक और आर्थिक, विकास की कुंजी माना, भाईचारे को बढ़ावा देने वाले धर्म को प्राथमिकता दी है. महिलाओं के उत्थान को समुदाय की प्रगति का पैमाना माना और जाति व्यवस्था पर करारा प्रहार किया। संगठन के पदाधिकारीयो ने न्यू बस स्टैंड के पास शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम के प्रभारी कृष्णा साहू ने कहा आज हम जितनी स्वतंत्रता और सुरक्षा से हमारे देश में है। यह उन वीर शहीदों के त्याग और बलिदान की वजह से है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष, सतीश बौरासी, जिला महामंत्री संतोष कैथवास, कैलाश पाटिल, अविनाश सिन्दूर, आदि पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्य में शामिल ऑपरेटरों का सम्मान

**सारनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में प्रदेश में एसआईआर मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। उक्त कार्य में मतदाताओं से घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित कर गणना पत्रक भरवाए जा रहे हैं। गणना पत्रकों के डिजीटलाईजेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ऑपरेटरों की टीम का सोमवार को नगर पालिका में सम्मान किया गया। नगर पालिका क्षेत्र में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सूर्यवंशी, अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वि.स. क्षेत्र 130 (आमला) शैलेंद्र



बडोनिया के निर्देशन में किया जा रहा है। एसआईआर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 130 आमला अंतर्गत नपा सभाकक्ष में सभी 97 मतदान केंद्रों से एकत्रित किए गए गणना पत्रकों का डिजीटलाईजेशन का कार्य ऑपरेटरों द्वारा किया जा रहा है। उत्कृष्ट कार्य हेतु शिम्मी, मोनिका साहू, प्रीतिका शुक्ला एवं राजेंद्र चौहान की टीम का निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वि.स. क्षेत्र 130 (आमला) शैलेंद्र बडोनिया, सारनी नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया, सीएमओ सीके मेश्राम ने सम्मान किया गया।

## दमुआ मार्ग पर तेंदुआ ने गाय के बछड़े का किया शिकार

**सारनी।** दमुआ रोड़ स्थित अम्मा की गौशाला में बीती रात्रि तेंदुआ ने गाय के बछडे का शिकार करने का मामला सामने आया है। बताया जाता है की अम्मा की गौशाला की फ्लोर पूरी तरह टूट चुकी थी, जिसकी मरम्मत शनिवार गौ सेवकों के जनसहयोग से गौशाला में फ्लोरिंग करवाई जाने की वजह से गायों को बाहर रखा गया था, उसी दौरान देर रात्रि जंगल में विचरण के दौरान तेंदुआ आया और गाय के बछड़े को उठा ले गया। गायों की चिल्लाने की आवाज सुनकर अम्मा बहार निकली। गौ शाला की संचालक एवं अध्यक्ष बेला बाई यादव उर्फ अम्मा ने



बताया की तेंदुआ गाय के बछड़े को ले गया। उक्त बात की जानकारी सुबह अम्मा ने गौ सेवकों एवं समिति के पदाधिकारियो दी। समिति के पदाधिकारी, वन विभाग में विधायक प्रतिनिधि रूपेंद्र चौहान एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने वन विभाग पंहुच कर वन परिक्षेत्र अधिकारी से मुलाकत कर तेंदुए को पकड़ने की मांग की। तेंदुआ की गतिविधि पर नजर रखने गायों की सुरक्षा की मांग की है। गौ शाला समिति के उपाध्यक्ष राहुल कापसे सहकोषाध्यक्ष दिनेश साबले ने कहा कि अम्मा की गौशाला काफी पुरानी है। गायों की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वाल बनाने की मांग नगरपालिका के अध्यक्ष एवं सीएमओ से की है। नगर के गौ सेवकों ने वन विभाग के रेंजर से मुलाकत कर अम्मा की गौशाला में तार की फेंसिंग करवाने की मांग की है। अम्मा गौ शाला के सचिव जगदीश आहुजा ने बताया कि बीती रात्रि तेंदुआ द्वारा गाय के बछडे का शिकार हुआ है। तेंदुआ आगे भी गौ शाला में शिकार कर सकता है। इस मौके पर गौ शाला में गौ सेवक भाजपा मंडल महामंत्री विनय मदने, पार्षद प्रवीण सोनी, सुनील मौखेडे, अमर सिंह राणा, राजू साहू, मनोहर विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## छात्राओं को सायबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**मुलताई। थाना पुलिस मुलताई द्वारा बुधवार को पीएमश्री स्कूल में मुस्कान अभियान के तहत-छात्राओ को महिला संबंधी अपराधो एवं सायबर अपराधो के संबंध में जागरूक किया गया।**

कार्यक्रम में टीआई नरेन्द्रसिंह परिहार, उपनिरीक्षक मोनिका, आरक्षक विवेक, राजा द्वारा छात्राओ को महिला संबंधी अपराधो एवं सायबर संबंधी अपराधो से संबंधित जानकारी दी गई एवं अपराधो से बचने के लिये क्या करे व क्या न करे के संबंध मे जानकारी प्रदाय कर जागरूक किया गया. वहीं गुड टच, बैड टच के संबंध मे छात्राओ को समझाया एवं जागरूक किया। उन्हें विश्वसनीय सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग करे, ऑनलाइन डेटिंग साइट्स से दूर



रहने तथा ईमेल आईडी, सोशल मीडिया प्रोफाइल्स, ई वॉलेट्स नेटबैंकिंग आदि के पासवर्ड मजबूत रखें एवं नियमित अंतराल पर बदलते रहने की सलाह दी। उलिस ने सोशल मीडिया पर प्राइवेसी सेटिंग के माध्यम से अपनी निजी जानकारियां छुपाकर रखने एवं प्रोफाइल लॉक रखने, इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स में खराबी आने पर, विश्वसनीय व्यक्ति से अपने सामने रिपेयर कराने, पुराने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बेचने से पूर्व मेमोरी का डाटा वाइप कर फेक्ट्री रिसेट करें, जिससे कोई आपका निजी डाटा रिकवर न कर सके। ऑनलाइन लॉटरी केबीसी, कैशबैक, जॉब, लोन, बीमा, शॉपिंग ऑफर्स आदि प्रलोभनों से सावधान रहने वैवाहिक धोखाधड़ी से सावधान रहें। मेट्रोमोनियल साइट्स पर प्रोफाइल में दी गई जानकारियों को विश्वसनीय सूत्रों से सत्यापित कर लें।

## जन्मदिवस पर विद्यार्थियों को भेंट की ठंड से बचाव हेतु स्वेटर

**मुलताई।** नगर में संचालित जिले का एकमात्र हिंदी उर्दू माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक द्वारा नवाचार अपनाते हुए जन्म दिवस पर स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के 50 विद्यार्थियों को स्वेटर भेंट की गई। नगर के नागपुर नाके पर भाजपा भवन के पास संचालित शासकीय हिंदी उर्दू माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक दिनेश नागले रिटायरमेंट वर्ष में है। जिन्होंने अपने जन्म दिवस के मौके पर स्कूल में बच्चों के साथ जन्म दिवस मनाया। बच्चों को केक वितरण करने के पश्चात स्वेटर भेंट की गई। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। ऐसे में शिक्षक द्वारा नवाचार करते हुए विद्यार्थियों को स्वेटर भेंट करने का संकल्प लिया।



## सीएम का दौरा बना नपा के कमाई का जरिया

**सारनी।** जिले की सबसे बड़ी नगरपालिका सारनी इन दिनों अपने कारनामो को लेकर चर्चा मे बनी हुई है। रोजाना नपा के कारनामें एक के बाद एक सामने आ रहे है। नगर पालिका ने सीएम डॉक्टर मोहन यादव के बगडोना, शोभापुर, कालीमाई के दौरे पर जमकर खरीद फरोख्त कर लाखो के फर्जी बिल निकाल कर जेब भरी है। इतना ही नहीं दौरे के मौके पर बिजली केबल, कूलर लाइटिंग को स्टोर पंहुचने से पहले गायब कर दिया है, हालांकि नपा के स्टोर मे जमा करने की एंट्री कर दी, जबकि स्टोर मे सामान पंहुचा ही नहीं है। सेय्या बने कोतवाल अब डर काहे का की तर्ज पर स्टोर में एंट्री कर रहे हैं। बताया जाता है कि नपा सीएमओ ने जिम एबं बच्चो के मनोरंजन की सामग्री को जेम पोटल की जगह टेंडर निकल कर अपने करीबी नागपुर मित्र को सीधे फायदा पहुंचाया है। सीएमओ ने टेंडर मे शर्तो की जादूगरी करके जिम एवं बच्चो के

**दौरे की आड़ में हुआ लाखों का खेल**

**केबल, लाइटिंग, कूलर हुए लापता**

मनोरंजन की सामग्री का ठेका अपने मित्र को दिला दिया। ठेकेदार ने जिम एवं मनोरंजन की सामग्री निम्न स्तर की सप्लाई कर अच्छा खासा मुनाफा कमाया है। इतना ही नहीं टेंडर मे जादूगरी करने वालों को अच्छा खासा फायदा मिला है। बताया जाता है कि एक ही स्थान पर बार बार निर्माण कार्य कराने जैसे कई मामले उजागर हो चुके है। इस बार तो नगर पालिका ने अपने सभी रिकार्ड तोडते हुए सीएम डॉक्टर मोहन यादव के बगडोना, शोभापुर एवं कालीमाई दौरे के मौके पर जमकर खरीदी एवं फर्जी बिल लगाकर लाखो रूपये हजम कर लिए है। नपा सीएमओ को मालूम है कि सीएम के दौरे पर कितना भी खर्च हो कोई पूछने वाला नहीं है। इतना ही नहीं सीएम के दौरे पर खरीदा गया सामान गायब हो गया. कुछ सामान को फिर से खरीदने के बिल लगा दिये गये।

**इनका कहना है**

सीएम साहब के दौरे के अवसर पर केबल एवं लाइटिंग सहित अन्य सामान खरीदे थे। सीएम के जाने के बाद स्टोर में जमा करके जरूरत के अनुसार वार्डो में लगाए गए है।
**- कमलेश पटेल, इलेक्ट्रिकल विभाग नपा सारनी**